उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

समाज विज्ञान विद्याशाखा

15 नवम्बर, 2022 : जनजातीय गौरव दिवस

''धरती आबा बिरसा मुण्डा''

कार्यक्रम–रिपोर्ट

आज दिनांक 15.11.2022 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस पर मनाये जाने वाले ''जनजातीय गौरव दिवस'' के अवसर पर 'स्वाधीनता संघर्ष में जनजातीय नायकों का योगदान' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के सीका–हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रारम्भ में समाज विज्ञान विद्याशाखा के प्रभारी निदेशक प्रो. सन्तोषा कुमार ने समस्त प्रतिभागियों एवं आगन्तुकों का स्वागत किया। तत्पश्चात् वाद–विवाद प्रतियोगिता के मुख्य प्रतिभागी के विभिन्न विद्याशाखा के शोधार्थी रहे। विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग की मंशा के अनुरूप भगवान बिरसा मुण्डा के जम्मदिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा 'सीका हॉल' में ''जनजातीय गौरव दिवस'' पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वाद–विवाद प्रतियोगिता में शोध छात्र अम्बुज पाण्डेय, अनुराग, संजय कुमार, अनिल यादव, सुयश यादव, परविन्द वर्मा आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया।
कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये गये तथा उत्कृष्ट विचार व्यक्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

उक्त के उपरान्त विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विषय के प्रोफेसर पी. के. पाण्डेय ने अपना उद्‌गार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अगले मुख्य वक्ता के रूप में सीका निदेशक प्रो. आशुतोष गुप्ता ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने किया। विश्वविद्यालय के इस वाद–विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रो. जे.पी. यादव, डॉ. आनन्दा नन्द त्रिपाठी, डॉ. मीरा पाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सी.के. सिंह सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अतिरिक्त लगभग 20 व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।